NCGG द्वारा अफ्रीकी सिविल सेवकों का सशक्तीकरण

हाल ही में **नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस (NCGG) ने अफ्रीकी क्षेत्र** के **सिविल सेवकों** के लिये सार्वजनिक नीति और शासन पर अपने प्रगतिशील नेतृत्व विकास कार्यक्रम का समापन किया।

- यह **भूमि प्रशासन, सतत् विकास और सार्वजनिक नीति प्रथाओं पर केंद्रित था** तथा इसमें **इरिट्रिया, केन्या, इथियोपिया, तंजानिया एवं गाम्बिया** के अधिकारियों ने भाग लिया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहयोग एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था।
  - इसके अलावा गाम्बिया में एक MyGov पोर्टल स्थापित किया गया है।
- यह **भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम** (Indian Technical and Economic Cooperation Programme- ITEC) कार्यक्रम के तहत क्षमता निर्माण संस्थान के रूप में NCGG की भूमिका में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।
- वर्ष 1964 में स्थापित ITEC **भारत सरकार के विदेश मंत्रालय का अग्रणी क्षमता-निर्माण** मंच है।
- NCGG की स्थापना वर्ष 2014 में सरकार द्वारा **कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय** के तहत एक शीर्ष स्तरीय स्वायत्त संस्थान के रूप में की गई थी।

और पढ़ें: सुशासन, भारत-अफ्रीका साझेदारी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ncgg-empowers-african-civil-servants